भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2478
दिनांक 13 मार्च, 2025

आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री जी-वन योजना

†2478. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री जी-वन योजना के अंतर्गत प्राप्त वाणिज्यिक और प्रदर्शन पैमाने के प्रस्तावों की कुल संख्या का वर्षवार और राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत स्वीकृत प्रस्तावों का आंध्र प्रदेश सहित राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ग) स्वीकृत परियोजनाओं की वास्तविक और वित्तीय प्रगति का राज्यवार और स्वीकृति वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार के पास उक्त योजना से संबंधित कोई प्रस्ताव समीक्षाधीन है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ड़): सरकार ने वर्ष 2019 में "प्रधानमंत्री जी-वन (जैव ईंधन-वातावरण अनुकूल फसल अपशिष्ट निवारण) योजना" को अधिसूचित किया था, जिसे वर्ष 2024 में संशोधित किया गया, जिसका उद्देश्य लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोमास और अन्य नवीकरणीय फीडस्टॉक का उपयोग करके देश में उन्नत जैव ईंधन परियोजनाओं की संस्थापना के उद्देश्य से वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत, कुल 14 वाणिज्यिक-पैमाने के प्रस्ताव और 8 प्रदर्शन-पैमाने के प्रस्ताव अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किए गए थे, जिसमें से 1 आन्ध्र प्रदेश के प्रस्ताव सहित 8 वाणिज्यिक-पैमाने के प्रस्तावों और 4 प्रदर्शन पैमाने के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई हैं। प्रस्ताव की समीक्षा निरंतर आधार पर की जाती है।

इन परियोजनाओं की वास्तविक और वित्तीय प्रगति के साथ-साथ पिछले पांच वर्षों के दौरान योजना के तहत प्राप्त और अनुमोदित वाणिज्यिक-पैमाने के प्रस्तावों और प्रदर्शन-पैमाने के प्रस्तावों के राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरे **अनुलग्नक** में दिए गए हैं।

अनुलग्नक

''आन्ध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री जी-वन योजना के बारे में'' श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव द्वारा दिनांक 13.03.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2478 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

क्र.सं.	परियोजना डेवलपर	राज्य	परियोजना का प्रकार	स्वीकृति का वर्ष	स्वीकृत वित्तीय सहायता (करोड़ रू. में)	संवितरित वित्तीय सहायता (करोड़ रू. में)	पूरा होने की समय-सीमा
1	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	हरियाणा	वाणिज्यिक	2020	150	75	कमीशन
2	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	ओडिशा	वाणिज्यिक	2020	150	75	यांत्रिक रूप से पूर्ण
3	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	पंजाब	वाणिज्यिक	2020	150	37.5	मार्च, 2025 तक यांत्रिक रूप से पूर्ण
4	नुमालीगढ़ रिफाइनरीज लिमिटेड	असम	वाणिज्यिक	2020	150	75	यांत्रिक रूप से पूर्ण
5	मैंगलोर रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल लिमिटेड	कर्नाटक	वाणिज्यिक	2022	100	-	पूर्व-परियोजना गतिविधियाँ प्रगति पर है
6	राइस सेलुलोज प्राइवेट लिमिटेड	आन्ध्र प्रदेश	वाणिज्यिक	2023	150	-	पूर्व-परियोजना गतिविधियाँ प्रगति पर है
7	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	हरियाणा	प्रदर्शन	2020	15	-	यांत्रिक रूप से पूर्ण
8	हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड	बिहार	प्रदर्शन	2022	15	-	पूर्व-परियोजना गतिविधियाँ प्रगति पर है
9	लिग्नोपुरा एग्रोटेक प्रा. लिमिटेड	महाराष्ट्र	प्रदर्शन	2023	13.25	-	पूर्व-परियोजना गतिविधियाँ प्रगति पर है
10	गोदावरी बॉयोरिफाइनरी लिमिटेड	कर्नाटक	प्रदर्शन	2023	15	-	पूर्व-परियोजना गतिविधियाँ प्रगति पर है

****